| आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|
| 2 | 3 |

अभिलेख उपस्थापित।

रोहित कुमार पिता स्व0 धनेश्वर राम, निवास स्थान ग्राम-कटघरा, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग हाल मोकाम सिलवारखुर्द, पोस्ट-जगन्नाथधाम, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-कटघरा, थाना नं0-178, खाता संख्या-26, प्लॉट संख्या-697, रकवा 0.20 एकड़ (20 डिसमिल) (बीस डिसमिल) भूमि रामकलीया देवी पति रामनरेश राम, निवास स्थान ग्राम-कंडसार, पोस्ट-बहिमर, थाना-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित केता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं भूमि संबंधित कागजात संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-159/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 552/रा0 दिनांक 03.02.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 645 दिनांक 21.04.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि खतियान से हासिल है। खतियान के अनुसार भूमि रैयती किस्म की है। खतियानी रैयत दिना भुइंया है। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 1.05 एकड़ भूमि है। पंजी-II के पृष्ठ संख्या-51/I पर कुल 91डी0 भूमि की जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद वर्ष 2015-16 तक निर्गत है। खतियानी एवं जमाबंदी रैयत आवेदक के परदादा हैं। भूमि संयुक्त खाते की है। आवेदक घरेलु बँटवारा के अनुसार अपने हिस्से की भूमि बिक्री कर रहे हैं। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् संयुक्त खाते में रकवा 0.71 एकड़ भूमि बचती है। विक्रेता को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन विभाग की भूमि/ सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है तथा BLR Act Section-4h से मुक्त है। विक्रेता का दखल कब्जा है।

अनुसूची-14 फारम सं0-563

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | |
| | प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को नारंगी रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है।<br>अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।<br>उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में रोहित कुमार पिता स्व0 धनेश्वर राम, निवास स्थान ग्राम-कटघरा, थाना-मुफस्सिल, जिला-हजारीबाग हाल मोकाम शिलवारखुर्द, पोस्ट-जगन्नाथधाम, थाना-मुफस्सिल, जिला-हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-कटघरा, थाना नं0-178, खाता संख्या-26, प्लॉट संख्या-697, रकवा 0.20 एकड़ (20 डिसमिल) (बीस डिसमिल) भूमि रामकलीया देवी पति रामनरेश राम, निवास स्थान ग्राम-कंडसार, पोस्ट-बहिमर, थाना-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।<br>लेखापित एवं संशोधित<br>अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग (ह0) 02/6/23     अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। (ह0) 02/6/23 | |

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.06.05 12:10:45 +05:30
Location: 192.168.0.111